बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

आदेश

सं० सं०–17/एफ 1–14/2020– पटना, दिनांक–

डिवाइन कॉलेज ऑफ फार्मेसी, पथारदेई, जीरादेई, जिला–सिवान को बी० फार्म पाठ्यक्रम के 100 सीटों पर पाठ्यक्रम संचालन के लिये अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु सचिव, राजबंशी लोक कल्याण ट्रस्ट, सिवान के पत्र के आलोक मे संस्थान की आधारभूत संरचनाओं की जॉच/निरीक्षण एवं पी०सी०आई०, नई दिल्ली के मानकों के अनुरूप संस्थान में आवश्यकताओं/उपलब्धताओ का आकलन करने हेतु विभागीय आदेश सख्या–597(17) दिनांक–13.06.2023 द्वारा जॉच समिति का गठन किया गया था। जॉच समिति द्वारा संस्थान की जॉच कर दिनांक–03.08.2023 को जॉच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान में संस्थान की जॉच हुए लगभग तीन वर्ष से अधिक का समय हो चुका है। अतः संस्थान में वर्तमान में उपलब्ध संसाधनो की पुन. जॉच हेतु निम्नवत् जॉच टीम गठित की जाती है:–

1	डा० राजेन्द्र चौधरी अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना।	– अध्यक्ष
2	विभागाध्यक्ष, फार्माकोलॉजी विभाग, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर	– सदस्य
3.	जिला पदाधिकारी, सिवान द्वारा नामित प्रतिनिधि।	– सदस्य

समिति को निदेशित किया जाता है कि फार्मेसी काउंसिल ऑफ इडिया, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मापदण्डों/मानकों के आलोक में अविलंब जॉच/निरीक्षण करते हुए अपना प्रतिवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। मामला न्यायालीय वाद से आच्छादित है।

उक्त में सक्षम प्राधिकार अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(रेणु कुमारी)
विशेष कार्य पदाधिकारी
–सह–संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–17/एफ 1–14/2020– 1418(17) पटना, दिनांक– 23-10-26

प्रतिलिपि :– समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, सिवान से अनुरोध है कि किसी वरीय पदाधिकारी को जॉच समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत करने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपि :– सचिव, राजबंशी लोक कल्याण ट्रस्ट, पत्राचार का पता–ग्राम–जामापुर, पो०–जीरादेई, जिला–सिवान, पिन कोड–841245 को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आई० टी० मैनेजर/प्रोग्रामर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी
–सह–सयुक्त सचिव।